भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्यं सभा

17.03.2023 के

अतारांकित प्रश्नस्सं. 2063 का उत्तर

लिच्छवी एक्सप्रेस का शुभारंभ

2063. श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या रेलवे सीतामढ़ी-नरकटियागंज के रास्ते लिच्छवी एक्सप्रेस संचालित करने पर भी विचार करेगा;

(ख क्या वर्तमान में लिच्छवी एक्सप्रेस को सीतामढ़ी से वाराणसी तक की 448 किलोमीटर की दूरी तय करने में बारह घंटे का समय लगता है; और

(ग) क्या रेलवे उक्त रेलगाड़ी के अपेक्षाकृत धीमी गति से संचालन के कारणों का पता लगाने के लिए इसकी समीक्षा करने पर विचार करेगा?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्ि्मीकनी वैष्णव)

(क): जी नहीं। फिलहाल, ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ख) और (ग): जी हाँ। 14005/14006 सीतामढ़ी-आनंद विहार (ट.) लिच्छवी एक्सप्रेस, सीतामढ़ी और वाराणसी के बीच अपनी यात्रा के दौरान 12 घंटे में 448 किलोमीटर की दूरी तय करती है , जिसमें मुजफ्फरपुर और भटनी में इंजन को पिछे की ओर ले जाने के लिए आवश्यक 55 मिनट सहित मार्गवर्ती 24 स्टेशनों पर 125 मिनट का ठहराव समय शामिल है। बहरहाल, भारतीय रेल में गाड़ियों की गति बढ़ाने सहित समय-सारणी का युक्तिकरण करना एक सतत प्रक्रिया है , जो अन्य बातों के साथ-साथ, पथ की उपलब्धता , चल स्टॉक/इंजन की गति , सिगनलिंग प्रणाली के प्रकार, जिस रेलपथ पर गाड़ी चलती है, उसकी अधिकतम अनुमेय गति पर निर्भर करता है।

******